भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 316**

22 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध बीमा कंपनियाँ**

316. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 31 मार्च, 2025 तक देश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) 31 मार्च, 2025 तक पीएमएफबीवाई के अंतर्गत चयनित बीमा कंपनियों की सूची क्या है;

(ग) 31 मार्च 2025 तक पीएमएफबीवाई के अंतर्गत सूचीबद्ध सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों की सूची क्या है; और

(घ) प्रदाताओं की सूची को केवल सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों तक सीमित न रखने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.) देश में खरीफ 2016 सीज़न से आरंभ की गई थी। यह योजना राज्यों और किसानों के लिए स्वैच्छिक है। योजना की शुरुआत से लेकर 30 जून 2025 तक, इस योजना के अंतर्गत 78.41 करोड़ किसान आवेदन नामांकित किए जा चुके हैं।

(ख) से (घ): 'फसल बीमा पर संयुक्त समूह' ने दिसंबर, 2004 में मौजूदा फसल बीमा योजनाओं में आवश्यक सुधारों की सिफारिश करने के उद्देश्य से यह अनुशंसा की थी कि सरकार को क्षेत्र-आधारित उपज बीमा में निजी बीमा कंपनियों को अनुमति देनी चाहिए। तदनुसार, ग्रामीण बीमा व्यवसाय में पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर और विशेषज्ञता वाले निजी सामान्य बीमा कंपनियों को अनुमति देने का निर्णय लिया गया था। ये कंपनियां किसानों, विशेष रूप से गैर-ऋणी किसानों के कवरेज को बढ़ाने और फसल बीमा क्षेत्र में अधिक प्रतिस्पर्धा लाने के लिए शामिल की गई हैं ताकि प्रतिस्पर्धी दरों पर किसानों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की जा सकें। वर्तमान में, सभी 05 सार्वजनिक क्षेत्र की

सामान्य बीमा कंपनियों के अतिरिक्त, देश में फसल बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 15 निजी सामान्य बीमा कंपनियों को भी सूचीबद्ध किया गया है। योजना के कार्यान्वयन के लिए कंपनी का चयन संबंधित राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से सूचीबद्ध कंपनियों में से किया जाता है। वर्तमान में पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के लिए सूचीबद्ध बीमा कंपनियां निम्नानुसार हैं:

| सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियाँ | |
|---|---|
| 1. | एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड |
| 2. | नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 3. | न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 4. | ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 5. | यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियाँ | |
| 6. | बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 7. | चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 8. | फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 9. | एचडीएफसी-एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 10. | आईसीआईसीआई-लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 11. | इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 12. | रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 13. | एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 14. | श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 15. | टाटा-एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 16. | यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 17. | रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 18. | गो-डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 19. | क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड |
| 20. | रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |

*****